


देश-विदेश

# पीएम ने मोटे अनाज को 'श्री अन्न' कहकर हम सबका मान बढ़ाया: डॉ.विपिन कुमार

August 27, 2023 Xpose Now Desk Comments(4)

XPOSE NOW
FEARLESS JOURNALISM

> *नई दिल्ली में दो दिवसीय आयुषकॉन-2023 कॉन्फ्रेंस हुसम्पन्न। पद्मश्री प्रो. ख़ादर वली के साथ कई जाने माने दिग्गजों को आयुषकॉन एक्सलेन्स अवार्ड-2023 से किया गया सम्मानित।*

नई दिल्ली। जितेन्द्र कुमार सिन्हा। मोटे अनाज को लेकर जागरुकता। गत 24-25 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयुष्मान द्वारा आयुषकॉन-2023 का भव्य आयोजन किया गया। इसका थीम था-'मिलेट्स फूड फॉर रिजुविनेशन'। इसके उद्घाटन सत्र में हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारु दत्तात्रेय, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी , बिहार झारखंड के संपर्क विभाग प्रमुख अनिल ठाकुर, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय, समाजसेवी दीपक ठाकुर उपस्थित रहे।

अपने उद्घाटन वक्तव्य में आयुष्मान के संयोजक डॉ.विपिन कुमार ने सभी विशेष अतिथियों को शॉल एवं प्रशस्ति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ.विपिन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज को एक विशिष्ट नाम 'श्री अन्न' कहकर हम सबका मान बढ़ाया है। उन्होंने पद संभालते ही आयुष मंत्रालय बनाया और इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित कराया।

उन्होंने कहा कि ज्वार,बाजरा,रागी का आयुर्वेद में बेहद महत्व रहा है। मिलेट्स वर्ष मनाने से समाज में विशेषतः शहरी समाज में इन खाद्यान्नों का महत्व बढ़ा है, इसके लिए सरकार के प्रयास बेहद सराहनीय हैंउन्होंने महर्षि अरविंद के दर्शन के महत्व पर बात करते हुए कहा कि हम सबको महर्षि अरविंद के मार्ग पर चलना चाहिएउन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य जागरुकता है।